Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 22 April 2024

Dainik Jagran Page - 02

स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी कुलाधिपति

- आनलाइन प्रतिभाग कर विश्वविद्यालय के परीक्षा पोर्टल का करेंगी शुभारंभ
- समारोह में वर्ष 2023 में परास्नातक के टापरों को दिया जाएगा मेडल

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : एक मई को आयोजित होने वाले दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के 67वें स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल होंगी। वह समारोह से आनलाइन जुड़ेंगी। इसे लेकर विश्वविद्यालय के प्रशासन के अनुरोध भरे आमंत्रण को उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

स्थापना दिवस समारोह में परीक्षा पोर्टल का शुभारंभ भी कुलाधिपति द्वारा किया जाएगा। दीक्षा समारोह की तरह इस समारोह के भी भव्य आयोजन के लिए समितियों का गठन किया गया है। अनुश्रवण समिति की संयोजक प्रो. नंदिता सिंह को बनाया गया है। समारोह में संबद्ध महाविद्यालयों का योगदान भी सुनिश्चित किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में महाविद्यालयों के होर्डिंग तथा बैनर लगाए जाएंगे और प्रबंधकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। समारोह में 2023 के परास्नातक के 46 टापरों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सहित कुल 112 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवा महोत्सव, सांस्कृतिक, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं और एनएसएस/एनसीसी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, राज्य या क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक से सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि कुलाधिपति ने स्थापना दिवस समारोह में ऑनलाइन सहभागिता करने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। समारोह में विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा पोर्टल का शुभारंभ भी राज्यपाल करेंगी। समारोह के कुशल आयोजन के लिए समितियों का गठन किया गया है। अनुश्रवण समिति की संयोजक प्रो. नंदिता सिंह को बनाया गया है।

> स्थापना दिवस समारोह को इस बार भव्य स्वरूप देने की तैयारी है। कुलाधिपति ने भी इसमें आनलाइन माध्यम से प्रतिभाग करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे कार्यक्रम की गरिमा बढ़ जाएगी। समारोह से कालेजों और पुरातन छात्रों को भी जोड़ा जा रहा है ताकि इसका स्वरूप व्यापक हो सके।
> **प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय**

स्थापना दिवस समारोह में एक मई को होने वाले 67वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी।

वह ऑनलाइन मोड में समारोह में जुड़ेंगी। समारोह में 2023 के परास्नातक के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सहित कुल 112 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवा महोत्सव, सांस्कृतिक, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं और एनएसएस/एनसीसी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, राज्य या क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक से सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि कुलाधिपति ने स्थापना दिवस समारोह में ऑनलाइन सहभागिता करने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। समारोह में विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा।

स्थापना दिवस समारोह को इस बार भव्य स्वरूप देने की तैयारी है। कुलाधिपति ने भी इसमें आनलाइन माध्यम से प्रतिभाग करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे कार्यक्रम की गरिमा बढ़ जाएगी। समारोह से कालेजों और पुरातन छात्रों को भी जोड़ा जा रहा है ताकि इसका स्वरूप व्यापक हो सके। **प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय**

इसे लेकर सभी विभागों की मदद से पुरातन छात्रों की सूची तैयार की जा रही है।

स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम का भी शुभारंभ भी कुलाधिपति द्वारा किया जाएगा। कौशल विकास से जुड़े इस कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है।

:*****

Hindustan Page - 06

मुख्य अतिथि होंगी कुलाधिपति आनंदीबेन

स्थापना दिवस

कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में 'समर्थ ईआरपी' पर समझौता हुआ।

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू में एक मई को 67वें स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी। समारोह में वह ऑनलाइन जुड़कर 2023 के परास्नातक के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सहित कुल 112 स्वर्ण पदकों से सम्मानित करेंगी। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि कुलाधिपति ने समारोह में ऑनलाइन सहभागिता करने की स्वीकृत दी है।

स्थापना दिवस समारोह में परीक्षा पोर्टल का शुभारंभ भी राज्यपाल करेंगी। समारोह के कुशल आयोजन के लिए समितियों का गठन किया गया है। अनुश्रवण समिति की संयोजक प्रो. नंदिता सिंह को बनाया गया है।

समर्थ ईआरपी पोर्टल करेगा लागू करेगा गोविवि

गोरखपुर। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में रविवार को लखनऊ में गोरखपुर विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत डीडीयू जल्द ही समर्थ ईआरपी पोर्टल की सुविधाएं जैसे अवकाश प्रबंधन, सीएएस, ई-गवर्नेंस आदि को लागू करेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के पूर्ण डिजिटलीकरण के लिए प्रवेश तथा परीक्षा पोर्टलों के सुचारू परिवर्तन की योजना बनाई जाएगी।

स्नातक में आवेदन की संख्या आठ हजार के पार पहुंची

डीडीयू

गोरखपुर, निसं। डीडीयू की प्रवेश प्रक्रिया से कई महत्वपूर्ण कालेजों के जुड़ने के बाद स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर अभ्यर्थियों का उत्साह बढ़ा है। प्रवेश के लिए आवेदन शुरू होने के दो सप्ताह में ही विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आठ हजार से अधिक आवेदन का आना इसका प्रमाण है। यह स्थिति तब है जब अभी इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम सीबीएसई और आइसीएससी बोर्ड ने घोषित नहीं किए हैं।

शनिवार को यूपी बोर्ड का परिणाम आने के बाद मात्र 25 घंटे में पांच से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है। इससे साफ है कि सीबीएसई और आइसीएससई द्वारा परिणाम घोषित करने के बाद यह संख्या और तेजी से बढ़ेगी। आवेदन के लिए निर्धारित तिथि 11 मई से पहले बीते वर्ष के मुकाबले अधिक आवेदन आने की उम्मीद विश्वविद्यालय प्रशासन को है।

Amar Ujala Page - 06

डीडीयू : 67वें स्थापना दिवस की मुख्य अतिथि होंगी कुलाधिपति

ऑनलाइन करेंगी प्रतिभाग, एक मई को होगा आयोजन, टॉपर्स को दिया जाएगा मेडल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एक मई को होने वाले 67वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी।

वह ऑनलाइन मोड में समारोह में जुड़ेंगी। समारोह में 2023 के परास्नातक के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सहित कुल 112 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवा महोत्सव, सांस्कृतिक, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं और एनएसएस/एनसीसी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, राज्य या क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक से सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि कुलाधिपति ने स्थापना दिवस समारोह में ऑनलाइन सहभागिता करने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। समारोह में विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा।

सैमसंग इनोवेशन कैंपस का भी होगा शुभारंभ

स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम का भी शुभारंभ कुलाधिपति द्वारा किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में कौशल का विकास होगा। इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

परीक्षा पोर्टल होगा लांच

स्थापना दिवस समारोह में परीक्षा पोर्टल लांच होगा। इसका शुभारंभ राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। समारोह के भव्य एवं कुशल आयोजन के लिए सभी समितियों का गठन कर दिया गया है। अनुश्रवण समिति की संयोजक प्रो. नंदिता सिंह को बनाया गया है। समारोह में संबद्ध महाविद्यालयों का योगदान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

'समर्थ' पोर्टल लांच करेगा डीडीयू

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। विश्वविद्यालय बहुत जल्द ''समर्थ'' पोर्टल लांच करने जा रहा है।

इस पहल से विद्यार्थियों के लिए नामांकन से लेकर पूरे प्रोग्राम में अपनी प्रगति को ट्रैक करना आसान हो जाएगा। यह व्यक्तिगत डाटा की गोपनीयता बनाए रखते हुए विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यों में पूरी पारदर्शिता भी सुनिश्चित करेगा।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन के नेतृत्व विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं आईसीटी सेल के सदस्यों की टीम पर एकेटीयू, लखनऊ में आयोजित ''समर्थ से समर्थ'' कार्यशाला में भाग लेने गई थी। इसमें कुलाधिपति की उपस्थिति में गोरखपुर विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। गोरखपुर विश्वविद्यालय जल्द ही ''समर्थ'' की सुविधाओं जैसे अवकाश प्रबंधन, सीएएस, ई-गवर्नेंस आदि को लागू करेगा। इसके साथ ही प्रवेश और परीक्षा पोर्टल के सुचारु परिवर्तन की योजना बनाएगा।

लखनऊ में हुए कार्यक्रम में दिल्ली और डीडीयू के बीच हुआ एमओयू

'समर्थ' के कार्यान्वयन से हमारी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। सभी प्रक्रियाएं अधिक कुशल और पारदर्शी हो जाएंगी। यह कदम हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।
- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

Swatantra Chetna Page - 04, 05

गोरखपुर विश्वविद्यालय समर्थ ईआरपी पोर्टल करेगा लागू

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन के नेतृत्व विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं आईसीटी सेल के सदस्यों की एक टीम उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्री लाल जी एकेटीयू, लखनऊ में अयोजित समर्थ से समर्थ कार्यशाला में भाग ले रही है।

समर्थ एक ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) पोर्टल है जो उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए प्रवेश, परीक्षा प्रक्रियाओं, पेरोल, भर्ती, पदोन्नति, अवकाश प्रबंधन और अन्य मॉड्यूल को एक प्लेटफार्म पर एकीकृत करता है।

यह शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार की एक पहल है, और दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किया गया था। राज्यपाल की पहल पर उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय अपने संबंधित संस्थानों में इस प्रणाली को लागू करने के जा रहे हैं। इस अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। गोरखपुर विश्वविद्यालय जल्द ही समर्थ की सुविधाओं जैसे अवकाश प्रबंधन, सीएएस, ई-गवर्नेंस आदि को लागू करेगा। इसके साथ ही प्रवेश और परीक्षा पोर्टल के सुचारु परिवर्तन की योजना बनाएगा।

प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय अपने संबंधित संस्थानों में इस प्रणाली को लागू करने के जा रहे हैं।

इस अवसर पर कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। गोरखपुर विश्वविद्यालय जल्द ही समर्थ की सुविधाओं जैसे अवकाश प्रबंधन, सीएएस, ई-गवर्नेंस आदि को लागू करेगा। इसके साथ ही प्रवेश और परीक्षा पोर्टलों के सुचारु परिवर्तन की योजना बनाएगी।

इंटर परीक्षाफल आने पर स्नातक प्रवेशार्थियों की संख्या आठ हजार पार

- पिछले दो सप्ताह में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आ चुके हैं 8000 से अधिक आवेदन

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए छात्रों में इस वर्ष खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रवेश फार्म शुरू होने के 2 सप्ताह के भीतर ही विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 8000 से अधिक आवेदन आ चुके हैं । यह स्थिति तब की है जब इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं हुए थे।

शनिवार को यूपी बोर्ड के परीक्षाफल घोषित हुए हैं और आने वाले कुछ दिनों में सीबीएसई और आईसीएससई बोर्ड की इंटरमीडिएट कक्षाओं के परिणाम भी आने वाले हैं। कुलपति प्रो पूनम टंडन के मुताबिक बड़ी संख्या में विद्यार्थी इंटर परीक्षा के परिणामों के बाद ही आवेदन करते हैं। शनिवार को परिणाम आने के बाद 24 घंटे में पांच सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। छाने वाले दिनों में आवेदकों की संख्या में और वृद्धि होगी।इस बार आवेदन करने वाले में अब तक सर्वाधिक संख्या बीए और बीएससी बायोलॉजी के अभ्यर्थियों की है। इसके अलावा बीकॉम और बीएससी गणित पाठ्यक्रम के लिए भी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। स्वविवपोषित कार्यक्रमों के प्रति भी अभ्यर्थियों में विशेष रुझान देखने को मिल रहा है। बी टेक, बीए एलएलबी, बीबीए, बीसीए, बी कॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस जैसे कोर्सेज के प्रति भी विद्यार्थी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

अभ्यर्थियों के लिए हेल्पलाइन भी

इस बार आवेदन प्रक्रिया के सरल, त्वरित और निर्बाध होने से अभ्यर्थियों को सुविधा हुई है। प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर प्रवेश से संबंधित सूचनाएं और ब्रोशर उपलब्ध हैं। इसके अलावा पोर्टल पर अभ्यर्थियों के लिए हेल्पलाइन मेल और नंबर भी दिए गए हैं। एडमिशन सेल के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि अब तक 450 से अधिक अभ्यर्थियों की इंक्वायरी मेल का उत्तर दिया जा चुका है।

कुलाधिपति होंगी स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आगामी 01 मई को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल होंगी।

स्थापना दिवस समारोह में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सहित कुल 112 स्वर्ण पदकों से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मेधावियों विद्यार्थियों को 46 विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक तथा 66 स्वॉर्नर्ड/डोनर स्वर्ण पदक दिया जाएगा।इसके साथ ही कुलाधिपति द्वारा युवा महोत्सव, सांस्कृतिक, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं तथा एनएसएस/एनसीसी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, राज्य या क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक से सम्मानित किया जाएगा।इस भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि कुलाधिपति ने स्थापना दिवस समारोह में ऑनलाइन सहभागिता करने के लिए अपनी स्वीकृत प्रदान की है।

सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस का शुभारंभ: स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस कार्यक्रम का भी शुभारंभ भी महामहिम द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के स्किल का विकास होगा। आज से इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है। स्थापना दिवस समारोह में परीक्षा पोर्टल का भी शुभारंभ कुलाधिपति द्वारा किया जाएगा।

सम्मानित किया जाएगा।इस भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों से सूची मंगा ली गई है। कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि कुलाधिपति ने स्थापना दिवस समारोह में ऑनलाइन सहभागिता करने के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की है। समारोह में विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा।

सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस का शुभारंभ

स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस कार्यक्रम का भी शुभारंभ भी महामहिम द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के स्किल का विकास होगा। आज से इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है। स्थापना दिवस समारोह में परीक्षा पोर्टल का भी शुभारंभ कुलाधिपति द्वारा किया जाएगा।

Swatantra Bharat

डीडीयू लागू करेगा समर्थ ईआरपी पोर्टल

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन के नेतृत्व विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं आईसीटी सेल के सदस्यों की एक टीम उत्तर प्रदेश की राज्यपाल की पहल पर एकेटीयू, लखनऊ में अयोजित समर्थ से समर्थ कार्यशाला में भाग ले रही है। समर्थ एक ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) पोर्टल है जो उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए प्रवेश, परीक्षा प्रक्रियाओं, पेरोल, भर्ती, पदोन्नति, अवकाश प्रबंधन और अन्य मॉड्यूल को एक प्लेटफार्म पर एकीकृत करता है।

यह शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार की एक पहल है, और दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किया गया था। राज्यपाल की पहल पर उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय अपने संबंधित संस्थानों में इस प्रणाली को लागू करने के जा रहे हैं। इस अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। गोरखपुर विश्वविद्यालय जल्द ही समर्थ की सुविधाओं जैसे अवकाश प्रबंधन, सीएएस, ई-गवर्नेंस आदि को लागू करेगा। इसके साथ ही प्रवेश और परीक्षा पोर्टल के सुचारु परिवर्तन की योजना बनाएगा।

12वीं के परिणाम आते ही स्नातक प्रवेशार्थियों की संख्या आठ हजार पार

स्वतंत्र भारत संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए छात्रों में इस वर्ष खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रवेश फार्म शुरू होने के 2 सप्ताह के भीतर ही विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 8000 से अधिक आवेदन आ चुके हैं । यह स्थिति तब की है जब इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं हुए थे।

शनिवार को यूपी बोर्ड के परीक्षाफल घोषित हुए हैं और आने वाले कुछ दिनों में सीबीएसई और आईसीएससई बोर्ड की इंटरमीडिएट कक्षाओं के परिणाम भी आने वाले हैं। कुलपति प्रो पूनम टंडन के मुताबिक बड़ी संख्या में विद्यार्थी इंटर परीक्षा के परिणामों के बाद ही आवेदन करते हैं। शनिवार को परिणाम आने के बाद 24 घंटे में पांच सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। छाने वाले दिनों में आवेदकों की संख्या में और वृद्धि होगी।इस बार आवेदन करने वाले में अब तक सर्वाधिक संख्या बीए और बीएससी बायोलॉजी के अभ्यर्थियों की है। इसके अलावा बीकॉम और बीएससी गणित पाठ्यक्रम के लिए भी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। स्वविवपोषित कार्यक्रमों के प्रति भी अभ्यर्थियों में विशेष रुझान देखने को मिल रहा है। बी टेक, बीए एलएलबी, बीबीए, बीसीए, बी कॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस जैसे कोर्सेज के प्रति भी विद्यार्थी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

अभ्यर्थियों के लिए हेल्पलाइन भी

इस बार आवेदन प्रक्रिया के सरल, त्वरित और निर्बाध होने से अभ्यर्थियों को सुविधा हुई है। प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर प्रवेश से संबंधित सूचनाएं और ब्रोशर उपलब्ध हैं। इसके अलावा पोर्टल पर अभ्यर्थियों के लिए हेल्पलाइन मेल और नंबर भी दिए गए हैं। एडमिशन सेल के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि अब तक 450 से अधिक अभ्यर्थियों की इंक्वायरी मेल का उत्तर दिया जा चुका है।

स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगी राज्यपाल

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में अगामी 1 मई को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल होगी।

स्थापना दिवस समारोह में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सहित कुल 112 स्वर्ण पदक से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मेधावियों विद्यार्थियों को 46 विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक तथा 66 स्वॉर्नर्ड/डोनर स्वर्ण पदक दिया जाएगा।इसके साथ ही कुलाधिपति द्वारा युवा महोत्सव, सांस्कृतिक, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं तथा एनएसएस/एनसीसी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, राज्य या क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक से सम्मानित किया जाएगा सम्मानित किया जाएगा।इस भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि कुलाधिपति ने स्थापना दिवस समारोह में ऑनलाइन सहभागिता करने के लिए अपनी स्वीकृत प्रदान की है।

सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस का शुभारंभ: स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस कार्यक्रम का भी शुभारंभ भी महामहिम द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के स्किल का विकास होगा। आज से इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है।स्थापना दिवस समारोह में परीक्षा पोर्टल का भी शुभारंभ राज्यपाल द्वारा किया जाएगा।

Inext Page -02

गोरखपुर यूनिवर्सिटी समर्थ ईआरपी पोर्टल करेगा लागू

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (21 April): गोरखपुर यूनिवर्सिटी की वीसी प्रो. पूनम टंडन के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी के अधिकारी एवं आईसीटी सेल के सदस्यों की एक टीम उत्तर प्रदेश की राज्यपाल की पहल पर एकेटीयू, लखनऊ में आयोजित समर्थ कार्यशाला में भाग ले रही है. समर्थ एक ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) पोर्टल है. जो उच्च शिक्षा संस्थानों में स्टूडेंट, टीचर और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए प्रवेश, परीक्षा प्रक्रियाओं, भर्ती, पदोन्नति, अवकाश प्रबंधन और अन्य मॉड्यूल को एक प्लेटफार्म पर इकट्ठा करता है. यह शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है और दिल्ली यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित किया गया था. राज्यपाल की पहल पर उत्तर प्रदेश के राज्य यूनिवर्सिटी अपने संबंधित संस्थानों में इस प्रणाली को लागू करने के जा रहे हैं. इस अवसर पर चांसलर आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में गोरखपुर यूनिवर्सिटी से दिल्ली यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. गोरखपुर यूनिवर्सिटी जल्द ही समर्थ सुविधाओं जैसे अवकाश प्रबंधन, सीएएस, ई-गवर्नेंस आदि को लागू करेगा. इसके साथ ही यूनिवर्सिटी प्रशासन के पूर्ण डिजिटलीकरण के लिए प्रवेश तथा परीक्षा पोर्टलों के सुचारु परिवर्तन की योजना बनाएगा.

डाटा ट्रैक करना होगा आसान

इस पहल से स्टूडेंट के लिए नामांकन से लेकर पूरे प्रोग्राम में अपनी प्रगति को ट्रैक करना आसान हो जाएगा. यह व्यक्तिगत डाटा की गोपनीयता बनाए रखते हुए विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यों में पूरी पारदर्शिता भी सुनिश्चित करेगा. वीसी प्रो. पूनम टंडन का कहना है कि समर्थ के कार्यान्वयन से हमारी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव आएगा. सभी प्रक्रियाएं अधिक कुशल और पारदर्शी हो जाएंगी.

बोर्ड रिजल्ट आने से पहले आ गए आठ हजार आवेदन

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (21 April): गोरखपुर यूनिवर्सिटी में इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने से पहले ही स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए छात्रों में इस वर्ष खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. प्रवेश फार्म शुरू होने के 2 हफ्ते के भीतर ही स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 8000 से अधिक आवेदन आ चुके हैं. शनिवार को यूपी बोर्ड के रिजल्ट घोषित हुए हैं और आने वाले कुछ दिनों में सीबीएसई और आईसीएससई बोर्ड की इंटरमीडिएट कक्षाओं के परिणाम भी आने वाले हैं. वीसी प्रो. पूनम टंडन के मुताबिक बड़ी संख्या में विद्यार्थी इंटर परीक्षा के परिणामों के बाद ही आवेदन करते हैं. शनिवार को परिणाम आने के बाद 24 घंटे में पांच सौ से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. आने वाले दिनों में आवेदकों की संख्या में और वृद्धि होगी.

भी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं. स्वविवपोषित कार्यक्रमों के प्रति भी अभ्यर्थियों में विशेष रुझान देखने को मिल रहा है. बी टेक, बीए एलएलबी, बीबीए, बीसीए, बी कॉम बैंकिंग एंड इंश्योरेंस जैसे कोर्सेज के प्रति भी स्टूडेंट्स दिलचस्पी दिखा रहे हैं.

अभ्यर्थियों के लिए हेल्पलाइन भी

इस बार आवेदन प्रक्रिया के सरल, त्वरित और निर्बाध होने से अभ्यर्थियों को सुविधा हुई है. प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर प्रवेश से संबंधित सूचनाएं और ब्रोशर उपलब्ध हैं. इसके अलावा पोर्टल पर अभ्यर्थियों के लिए हेल्पलाइन मेल और नंबर भी दिए गए हैं. एडमिशन सेल के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि अब तक 450 से अधिक अभ्यर्थियों की इंक्वायरी मेल का उत्तर दिया जा चुका है.

इस बार सबसे ज्यादा बीए और बीएससी बायोलॉजी के भरे गए फार्म

इस बार आवेदन करने वाले में अब तक सर्वाधिक संख्या बीए और बीएससी बायोलॉजी के अभ्यर्थियों की है. इसके अलावा बीकॉम और बीएससी गणित पाठ्यक्रम के लिए

Amar Ujala Select Page - 05

डीडीयू : स्थापना दिवस की मुख्य अतिथि होंगी कुलाधिपति

ऑनलाइन करेंगी प्रतिभाग, एक मई को आयोजन, परास्नातक के टॉपर्स को दिया जाएगा मेडल

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एक मई को होने वाले 67वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी।

वह ऑनलाइन मोड में समारोह में जुड़ेंगी। समारोह में 2023 के परास्नातक के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सहित कुल 112 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवा महोत्सव, सांस्कृतिक, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं और एनएसएस/एनसीसी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, राज्य या क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक से सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि कुलाधिपति ने स्थापना दिवस समारोह में ऑनलाइन सहभागिता करने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। समारोह में विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों से सूची मंगा ली गई है।

सैमसंग इन्नोवेशन कैंपस का भी होगा शुभारंभ : स्थापना दिवस के अवसर पर सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम का भी शुभारंभ कुलाधिपति द्वारा किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में कौशल का विकास होगा। इसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

परीक्षा पोर्टल भी होगा लांच : स्थापना दिवस समारोह में परीक्षा पोर्टल का शुभारंभ राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। समारोह के भव्य एवं कुशल आयोजन के लिए सभी समितियों का गठन कर दिया गया है। अनुश्रवण समिति की संयोजक प्रो. नंदिता सिंह को बनाया गया है। समारोह में संबद्ध महाविद्यालय